बीएचईएल ने मध्य प्रदेश में 800 मेगावाट सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट को कमीशन किया

नई दिल्ली, 4 फरवरी: भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने, 2x800 मेगावाट गाडरवारा सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट स्टेज- । की दूसरी इकाई (800 मेगावाट) की सफलतापूर्वक कमीशनिंग की है।

मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर जिले के गाडरवारा में स्थित यह ग्रीनफील्ड परियोजना एनटीपीसी लिमिटेड द्वारा स्थापित की जा रही है। इस परियोजना की पहली इकाई को बीएचईएल द्वारा वर्ष 2019 में चालू किया गया था और वर्तमान में यह व्यावसायिक प्रचालन में है।

बीएचईएल अब तक सुपरक्रिटिकल बॉयलरों के 24 सेट और 660/700/800 मेगावाट रेटिंग के 20 सुपरक्रिटिकल टरबाइन जनरेटर सेटों को कमीशन कर चुका है, इनमें से सुपरक्रिटिकल बॉयलरों के 08 सेट और सुपर क्रिटिकल टर्बाइन जनरेटर के 06 सेट एनटीपीसी लिमिटेड के लिए कमीशन किए हैं।

इस परियोजना में बीएचईएल के कार्यक्षेत्र में अत्याधुनिक नियंत्रण और इंस्ट्रूमेंटेशन (सी एंड आई और इलेक्ट्रोस्टैटिक प्रीसिपिटेटर) (ईएसपी) के अतिरिक्त संबद्ध सहायक उपकरणों सहित स्टीम टर्बाइन, जनरेटर तथा बॉयलर के डिजाइन, इंजीनियरिंग, विनिर्माण, आपूर्ति और इरेक्शन एवं कमीशनिंग का कार्य है।

इस परियोजना के लिए प्रमुख उपकरण बीएचईएल के त्रिची, हरिद्वार, भोपाल, रानीपेट, हैदराबाद, झांसी, थिरुयम और बेंगलुरु संयंत्रों में विनिर्मित किए गए थे, जबकि संयंत्र का निर्माण कार्य कंपनी के पावर सेक्टर-उत्तरी क्षेत्र, नोएडा द्वारा किया गया है।

बीएचईएल भारत का सबसे बड़ा विद्युत उपकरणों का विनिर्माता है जिसने वैश्विक स्तर पर 1,90,000 मेगावाट से अधिक बिजली उपकरणों को स्थापित किया है। बीएचईएल ने अब तक घरेलू और विदेशी बाजारों के विभिन्न ग्राहकों से 58 सेट सुपरक्रिटिकल बॉयलरों तथा 53 सेट सुपर क्रिटिकल टरबाइन जनरेटरों का अनुबंध किया है।